Greenlawns School - Worli

Final Examination - 2015 - 2016

कक्षा :- सातवीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 26/2/16 | समय :- 2 घण्टे

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं ।

विभाग - अ

भाषा - विभाग (अंक - 40)

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. पर्वतीय - स्थल की सैर

ii. स्कूल की छुट्टियाँ

iii. एक यात्री की आत्मकथा

iv. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और इससे संबंधित जो विचार आपके मन में आते हैं, उनका वर्णन कीजिए :-



करते। गीता के उपदेश की तरह हम अपने कार्य को करते हैं, फल की इच्छा नहीं करते। क्या तुम आज तक प्रशंसा और पुरस्कार के लिए ही गाते और नाचते रहे! इस पर्यावरण को खुश रखने में क्या तुम्हारी सबसे अहम् भूमिका नहीं है!

कौवे की बातें उन दोनों की समझ में आ गई। उसी समय जंगल में काले बादल छा गये। कोयल और मोर झूम - झूमकर नाचने और गाने लगे। सारे जंगल में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके साथ - साथ सभी पशु - पक्षी, पेड़ - पौधे झूमने, गाने और चहचहाने लगे। मोर नाचता रहा, उसके आँसू बहते रहे। कौवे ने कहा, भगवान कृष्ण तुम्हारे पंख अपने सिर में लगाते हैं। क्या इससे भी बढ़कर तुम्हारा पुरस्कार हो सकता है? इसी भाव से कोयल को भी समझाया। दोनों के पास खुशी के आँसू थे।

प्रश्न :-

i. मोर और कोयल उदास क्यों थे? (2)

ii. कौवे ने अपना उदाहरण क्या कहकर दिया? (2)

iii. कौवे की बातों का दोनों पर क्या प्रभाव पड़ा? (2)

iv. दोनों के पास खुशी के आँसू के क्या कारण थे? (2)

v. इस गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिली? (2)

व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- 13

i. निम्नलिखित शब्दों के २ पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (2)

1. तलवार 2. बादल

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)

1. चंचल 2. कठोर

iii. भाववाचक संज्ञा लिखिए :- (1)

1. मीठा 2. चतुर

iv. विशेषण शब्द लिखिए :- (1)

1. बेचना 2. वह

v. तत्सम शब्द लिखिए :- (1)

1. माता 2. दही

vi. लोकोक्ति का अर्थ लिखिए :- (1)

बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

vii. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- (3)

1. भीगी बिल्ली बनना 2. अँगुली उठाना

3. ईंट से ईंट बजाना

viii. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :- (3)

1. सभी जानते हैं कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है। (½)

(रेखांकित अव्यय का भेद लिखिए)

2. छत्रपती शिवाजी महाराज जनता को समान दृष्टि से देखते थे। (½)

(रेखांकित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य पुन: लिखिए)

3. सम्राट ने वीरांगना का सम्मान किया। (1)

(रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए)

4. सभा में गुरु एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। (1)

(रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए)

विभाग - ब (अंक - 40)

साहित्य - विभाग (गद्य - विभाग)

प्रश्न 5) नीचे लिखे प्रश्न के उत्तर लिखिए :- (12)

i. महाराणी करूणा के द्वारा झोपड़ों में आग लगाने का आदेश देने पर दासी बेला ने क्या कहा ?

ii. डॉक्टर प्रकाश ने पत्र में क्या लिखा ?

iii. विवेकानंद शिला मंडप के बारे में आप क्या जानते हैं ?

iv. लेखक ने जूलिया के पैसे काटने के लिए क्या - क्या बहाने बनाए ?

प्रश्न 6) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- (3)

i. महारानी करूणा किस दिन गंगा स्नान के लिए गई थी ?

ii. आनंद बड़ा होकर क्या बना ?

iii. कन्याकुमारी की यात्रा पर लेखक के साथ और कौन गया था ?

प्रश्न 7) निम्नलिखित वाक्य किसने - किससे और कब कहा लिखिए :- (6)

i. " धन्यवाद किस बात का ? "

ii. " क्षमा करें । मैं कोई भेंट स्वीकार नहीं करता । "

iii. " धर्मावतार ! हम लुट गए , बरबाद हो गए । "

प्रश्न 8) अ) शब्दार्थ लिखिए :- (2)

1. उत्पीड़न 2. घमंडी

3. मोहक 4. बोदा

ब) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (2)

1. फूला न समाना 2. धैर्य का बाँध टूटना

पद्य - विभाग

प्रश्न 9) अ) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए :- (6)

1. गुरुनानक जी ने अपने पद के माध्यम से क्या संदेश दिया है ?
2. उपवन का वातावरण कैसा था ?

ब) निम्नलिखित दोहों का संदर्भ लिखकर भावार्थ लिखिए :- (2 + 3)

" चौंक उन्होंने उसे उठाया ,
नया जन्म - सा उसने पाया ।
इतने में आखेटक आया ,
लक्ष्य सिद्धी का मानी । "
" लक्ष्य सिद्धी का मानी ! "
कोमल - कठिन कहानी । "
" माँगा उसने आहत पक्षी ,
तेरे तात किंतु थे रक्षी ।
तब उसने , जो था खग भक्षी ,
हठ करने की ठानी । "
" हठ करने की ठानी ।
अब बढ़ चली कहानी । "

प्रश्न 10) अ) निम्नलिखित पंक्तियों की व्याख्या लिखिए :- (2)

बाहर भीतर एकै जानो , यह गुरु ज्ञान बताई ।
जन नाननक बिन आपा चीन्है , मिटे न भ्रम की काई ।।

ब) शब्दार्थ लिखिए :- (2)

1. भ्रम
2. घट
3. तात
4. शर

------------------ स मा प्त ------------------